दिनांकः 26.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पुणे से 22 हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाएं राष्ट्र को करेंगे समर्पित।
- राजस्थान, मध्य प्रदेश और केंद्र सरकार के बीच ईआरसीपी लिंक परियोजना को लेकर नई दिल्ली में हुई त्रिपक्षीय समीक्षा बैठक।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश की सात रिक्त विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित होने से पहले ही सभी तैयारियां पूरी करने को कहा।
- राज्य के पश्चिमी हिस्सों से मॉनसून हो रहा है विदा–पूर्वी राजस्थान में बारिश की गतिविधियां एक बार फिर से शुरू।

..................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र के पुणे से 22 हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे कई विकास कार्यों का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री, सुपरकंप्यूटिंग तकनीक के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुसार राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के तहत देश में विकसित लगभग एक सौ तीस करोड़ रुपये के तीन परम रुद्र सुपर कंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान को सुविधाजनक बनाने के लिए ये सुपर कंप्यूटर पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाए गए हैं। श्री मोदी मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च–प्रदर्शन कंप्यूटिंग प्रणाली का उद्‌घाटन भी करेंगे। साढ़े आठ सौ करोड़ रुपये की यह परियोजना मौसम संबंधी अनुप्रयोगों के लिए भारत की गणना संबंधी क्षमताओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री दो सौ करोड़ रुपये की लागत के 20 एलएनजी स्टेशन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वहीं पांच सौ फास्ट इलैक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन की भी सौगात देंगे। श्री मोदी ट्रक ड्राइवरों को राजमार्गों पर सुविधाएं प्रदान करने वाली 2 हजार 170 करोड़ रुपये लागत की विश्राम गृह योजना का शुभारंभ करेंगे।

..................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको बताएंगे सरकार द्वारा समावेशी विकास के लिए किये गये प्रयासों के बारे में।

..................................

वर्ष 2023–24 के दौरान देश का कुल खाद्य अनाज उत्पादन तीन हजार 322 लाख मिट्रिक टन हुआ है, जो एक रिकॉर्ड है। वर्ष 2022–23 की तुलना में यह 26 लाख मिट्रिक टन से अधिक है। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2023–24 के लिए कृषि फसलों के उत्पादन का अंतिम अनुमान जारी करते हुए यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया है कि चावल, गेहूं और श्री अन्न यानी मोटे अनाज के अधिक उत्पादन के कारण इसमें उल्लेखनीय बढोत्तरी हुई है।

..................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पार्वती–कालीसिंध–चंबल– ईआरसीपी लिंक परियोजना पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से राजस्थान और मध्यप्रदेश राज्यों के बीच लंबित विवादों का निवारण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही इस परियोजना का मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट–एमओए होने वाला है। कल नई दिल्ली में राजस्थान, मध्यप्रदेश और केंद्र सरकार के बीच परियोजना को लेकर त्रिपक्षीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। श्री शर्मा ने बताया कि बैठक में मध्य प्रदेश और राजस्थान से

संबंधित विभिन्न विकास कार्यों, जल संसाधन प्रबंधन, सीमावर्ती क्षेत्रों में जल वितरण व्यवस्था और दोनों राज्यों के बीच जल संबंधी मुद्दों पर भी गहन विचार–विमर्श किया गया।

....................................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जयपुर के दौरे पर रहेंगे। वे शाम को आदर्श नगर के दशहरा मैदान, में आयोजित हिन्दू आध्यात्मिक और सेवा मेला 2024 का उद्‌घाटन करेंगे। इस दौरान कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

....................................

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने प्रदेश के 7 जिलों की एक–एक खाली विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित होने से पहले ही सभी तैयारियां पूरी करने को कहा है। कल इन जिलों के निर्वाचन अधिकारियों के साथ उपचुनाव की तैयारियों के संबंध में श्री महाजन ने वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से बैठक की। बैठक में मतदाता सूचियों से संबंधित लंबित आवेदनों के निस्तारण, अलवर जिले में ईवीएम मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच और सहायक मतदान केंद्रों के प्रस्ताव, सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति और प्रशिक्षण जल्द पूरा करने को कहा गया। गौरतलब है कि दौसा, झुंझुनू, टोंक, नागौर, उदयपुर, डूंगरपुर और अलवर जिलों की एक–एक रिक्त विधानसभा सीटों पर उपचुनाव कराए जाएंगे।

....................................

जयपुर के सांभरलेक स्थित राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज एक दिवसीय कौशल रोजगार और उद्यमिता शिविर तथा करियर सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में रोजगार, स्वरोजगार, प्रशिक्षण, करियर मार्गदर्शन से संबंधित निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के करीब 45 संस्थान उम्मीदवारों का चयन करेंगे। कौशल, रोजगार और उद्यमिता विभाग की वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2024–25 के क्रियान्वयन के तहत ये शिविर लगाया जा रहा है।

....................................

पश्चिमी राजस्थान से एक ओर जहां, मानसून की विदाई हो रही है, वहीं पूर्वी राजस्थान में बारिश का दौर शुरू हो गया है। कल कुछ शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बांसवाडा, भरतपुर, चित्तौड़गढ़, दौसा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ और सलूम्बर में कई जगह बरसात हुई। इस बीच, आज राजधानी जयपुर में सुबह से बादल छाए हुए हैं और मौसम सुहावना बना हुआ है।
मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी राजस्थान के कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में बादल गरजने के साथ बारिश की गतिविधियां आज से 30 सितंबर तक होने की संभावना है। भरतपुर, जयपुर, अजमेर संभाग के कुछ भागों में कल से बारिश का पूर्वानुमान है। दक्षिण पश्चिमी राजस्थान में 28 से 30 सितम्बर के दौरान कहीं–कहीं बरसात हो सकती है। इस बीच, कुछ शहरों में दिन का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। बीकानेर, श्रीगंगानगर, फलौदी और सीकर के फतेहपुर में अधिकतम तापमान 40 से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया।

....................................

राज्य में उपभोक्ताओं को रियायती दर पर प्याज उपलब्ध करवाये जाएंगे। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा और सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कल जयपुर के नेहरू सहकार भवन से प्याज की 10 वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्री गोदारा ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार आमजन को महंगाई से राहत देने के लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में उपभोक्ताओं को 35 रुपये प्रति किलो की दर पर प्याज उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को भी उनकी उपज के अच्छे दाम मिले, इस पर सरकार का ध्यान केन्द्रित है।

....................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्रोता, कल तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

....................................